कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।

पत्रांक 3381 /14– 1,बरेली,दिनांक, 28, जनवरी, 2023।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्य जीव बरेली वृत्त,बरेली।

बिषयः– जनपद बरेली में रामपुर रोड पर झुमका तिराहे से मिनी बाईपास तिराहे तक चैनेज 236.100 से 242.100 (6000 मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य एवं चैनेज 242.900 से 244.400 (1500 मी0) नाला निर्माण कार्य में प्रस्तावित 4.65 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 474 वृक्षों पातन/ट्रान्सलोकेट की अनुमति सम्बन्धी प्रस्ताव।
(Online Proposal No. FP/UP/Road/150166/2021)

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 2368/11–सी, दिनांक 19.01.2023 द्वारा प्राप्त भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ का पत्रांक 8बी/यूपी/06/37/2022/एफ0सी0/827, दिनांक 16.01.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों के अनुपालन में विषयक प्रस्ताव के सापेक्ष इंगित की गयी आपत्तियों का निराकरण कर बिन्दुवार आख्या निम्नवत प्रेषित की जा रही है–

क्रम सं0	आपत्ति का विवरण	अनुपालन आख्या
01	As per DSS analysis, out of the proposed CA land of Sahanpur range (total area 5.0 ha.), only 3.0 ha. area is suitable for plantation and 2.0 ha area is not suitable for plantation due to Moderately dense forest cover. Thus if this area is really suitable for plantation, then the field inspection report from concerned DFO needs to be submitted, otherwise alternate degraded forest land of 5 ha. needs to be proposed for CA.	वर्णित आपत्ति के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक 3198/14–1, दिनांक 17.01.2023 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव बिजनौर प्रभाग, नजीबाबाद से उल्लिखित आपत्ति के क्रम में आख्या अपेक्षित की गयी। प्रभागीय वनाधिकारी, नजीबाबाद द्वारा अपने पत्रांक 2093/24–1, दिनांक 19.01.2023 **(छायाप्रति संलग्न)** के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्रभागीय वनाधिकारी, नजीबाबाद द्वारा उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिजनौर वन प्रभाग नजीबाबाद एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी सहानपुर के साथ प्रश्नगत क्षेत्र सहानपुर कक्ष संख्या 7 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त क्षेत्र 5 हे0 वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त पाया गया।
02	CA scheme should be submitted and uploaded on PARIVESH portal for CA on 10 ha. of DFL for plantation of Miminum 1000 trees/ha.	वर्णित आपत्ति के अनुपालन में उपरोक्तानुार संशोधन कर दिया गया है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार (चार–चार प्रतियों में)

भवदीय,

(समीर कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक /14–1,दिनांकित।

प्रतिलिपि उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण,बरेली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(समीर कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

(F/-(Surveyor सर्वेयर) FLT/ BDA Rampur road - Atv)